हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

11 अनाजमंडी में हजारों क्विंटल गेहूं खराब, उठ रही दुर्गंध



12 टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट व उद्योग विकास मंच में होगा मुकाबला



## खबर संक्षेप

### 1.895 किलो अफीम सहित दो सप्लायर किए गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने लाइनपार थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 अफीम सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 895 ग्राम अफीम, नकदी, मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की गई है। बरामद अफीम की कीमत करीब पांच लाख आंकी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश और कन्हैयालाल के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले हैं। फिलहाल कन्हैयालाल बहादुरगढ़ के सैनीपुरा में तो सुरेश गुरुग्राम के पालम विहार में रह रहा है। टीम को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी नाहरा-नाहरी रोड स्थित चोर प्याऊ के पास अफीम की सप्लाई देने आने आए हैं। सब इंस्पेक्टर पवनवीर के नेतृत्व में अपराध जांच शाखा-2 की टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 1 किलो 895 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी यहां पर अफीम की सप्लाई देने पहुंचे थे। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### रेस्ट हाउस से कैमरे और राउटर चोरी

**बहादुरगढ़।** सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी लगाए जाते हैं लेकिन कैमरे खुद सुरक्षित नहीं है। बढ़ती वारदातों के बीच चोर सीसीटीवी कैमरों को भी निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला गांव दुल्हेड़ा के कैनाल रेस्ट हाउस का है। यहां से चार कैमरे और वाईफाई राउटर चोरी हुए हैं। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। इंचार्ज जेई सोनू ने पुलिस को बताया कि वह 5 मई की सुबह करीब साढ़े 11 बजे कैनाल रेस्ट हाउस दुल्हेड़ा गया था। तब वहां पर अजीत बेलदार, नवीन कैनाल गार्ड, सत्यवान, मोहन, संदीप बेलदार तथा प्रकाश मौजूद थे। सभी कैमरे और राउटर अपनी जगह पर लगे हुए थे। शाम साढ़े 6 बजे अजीत बेलदार का फोन आया कि रेस्ट हाउस से कैमरे और वाई फाई राउटर गायब हैं। सूचना मिलने पर हम मौके पर पहुंचे, जहां जांच करने पर पाया कि चारों सीसीटीवी कैमरे और राउटर चोरी हो चुके थे।

### झगड़े में व्यक्ति की मौत, हत्या का आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में खेत में शराब पीने के दौरान कहासुनी से शुरू हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुबारिकपुर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय सोमवीर पुत्र इंद्र कुमार के तौर पर हुई है। सोमबीर मिट्टी उठाने का काम करता था। परिजनों ने कुछ लोगों पर सोमबीर की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के भाई सतपाल ने आरोप लगाया है कि उसके भाई सोमबीर की वहां मौजूद अन्य लोगों ने तेजधार हथियार से हत्या की है। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। इस संबंध में उसने गांव के ही तीन युवकों के अलावा दो अन्य युवकों को हत्यारोपी ठहराया है।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण की बैठक व बिजली अदालत आज

**झज्जर।** बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के बेरी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। एसडीओ सुनील कुमार ने कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें।

## नगर परिषद कर्मचारियों की हड़ताल का दिखने लगा शहर में असर, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल 11 मई तक बढ़ाई, शासन-प्रशासन के पास नहीं कोई अतिरिक्त व्यवस्था

# 109 सफाई कर्मचारी 7 दिन से हड़ताल पर 182 टन कूड़ा उठाने के नहीं कोई इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पिछले एक सप्ताह से नगर परिषद के 109 सफाई कर्मचारी पूर्णतया हड़ताल पर हैं, जिसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थिति यह है कि शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर बीस से तीस मीटर तक कूड़ा फैला हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से आमजन और दुकानदारों का जीना मुहाल हो रखा है। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक आनंद मलिक ने बताया कि हड़ताल से पूर्व प्रतिदिन 26 टन कूड़ा शहर से उठाया जाता था, लेकिन हड़ताल के कारण व्यवस्था नहीं बन पा रही है। अनुमान के अनुसार पिछले एक सप्ताह के भीतर शहर की सड़कों पर 182 टन कूड़ा पड़ा हुआ है। वहीं, अब हड़ताल के 11 मई तक बढ़ जाने से हालात और खराब हो सकते हैं।

**26** टन कूड़ा हर रोज शहर से उठाया जाता था

शहर के आंबेडकर चौक, बीकानेर चौक, सीताराम गेट, माता गेट, पुराना बीकानेर चौक के अलावा अब मेन बाजार और गली मोहल्लों में भी गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। आमजन का कहना है कि गंदगी के कारण अब बीमारियां फैलने का भी डर सताने लगा है। वहीं, दुकानदारों का कहना है कि दुकान के सामने फैले कूड़े के कारण ग्राहक आने से बच रहे हैं। बदबू के कारण बाजार में खड़ा होना मुश्किल हो गया है। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक आनंद मलिक ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बन पा रही है। कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्रालियों और अन्य संसाधनों को भी बंद कर दिया है, जिसके कारण परेशानी बन रही है।

### सड़कें बनीं कूड़ाघर




**झज्जर।** कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से शहर के सीताराम गेट क्षेत्र पर फैली गंदगी। फोटो : हरिभूमि

## कर्मियों ने मांगा पक्का रोजगार व समान वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की हड़ताल जिले में सातवें दिन भी जारी रही। संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री वीरवार को हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के पास नगर परिषद कार्यालय परिसर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। सरकार द्वारा मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने के कारण हड़ताल को 11 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यदि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का वर्षों से आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है तथा ठेका प्रथा के माध्यम से उन्हें असुरक्षित रोजगार में रखा गया है। अब कर्मचारी पक्का रोजगार और समान वेतन की मांग कर रहे हैं।

इस दौरान राज्य संगठनकर्ता राजपाल, इकाई प्रधान शिवम चावरिया, राजेंद्र, रामवीर, रमेश जाखड़, विकास गौरव, विमला, सरोज देवी सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### तीन कर्मचारियों की मौत पर मुआवजा व नौकरी की मांग



संघ की प्रमुख मांगों में सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती, ठेका प्रथा समाप्त करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, समान काम समान वेतन, न्यूनतम 30 हजार रुपये वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, फरीदाबाद के फायर ब्रिगेड कर्मचारी रणबीर व भवीचंद तथा स्थानीय नगर परिषद के पेरोल कर्मचारी राजेश की हुई मौत के बाद उसके आश्रितों को उचित मुआवजा व पक्की नौकरी तथा गुरुग्राम के 3480 कर्मचारियों की बहाली शामिल है।

### कर्मचारियों ने थाली बजाकर किया प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज/बहादुरगढ़।** मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सातवें दिन में प्रवेश कर गई। वीरवार को सफाई कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन किया। उलटी झाड़ू उठाकर और थाली बजाकर कर्मचारियों ने विरोध जताया। नगर परिषद के गेट से शुरू हुआ यह प्रदर्शन पुराना कोर्ट, झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, किला मोहल्ला, नजफगढ़ रोड, पुराना बस अड्डा होते हुए पुनः नगर परिषद गेट पर आकर संपन्न हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में तमाम कच्चे, पक्के कर्मचारी तथा अग्निश्मन विभाग के कर्मचारी भी शामिल हुए। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश ने की। कर्मचारियों ने कहा कि हमारी तमाम मांग जायज हैं, लेकिन सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं हो रही। जब तक मांग पूरी नहीं होती, विरोध जारी रहेगा।

### पूर्व विधायक ने दिया सफाई कर्मियों को समर्थन



**हरिभूमि न्यूज/बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने वीरवार को धरना स्थल पर पहुंचकर हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन दिया। उनके अनुसार जगह-जगह फैली गंदगी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजेंद्र जून ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपना जीवन जोखिम में डालकर शहर को स्वच्छ रखने के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही। सरकार की जिद और कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैये के कारण पूरे प्रदेश में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों और मोहल्लों में जमा कूड़े से बदबू फैल रही है और लोगों का जीना दूभर हो गया है। सरकार समय रहते कर्मचारियों की बात सुन लेती तो आज प्रदेश में यह स्थिति पैदा नहीं होती। जून ने सरकार से तुरंत सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की।

## मेडिकल स्टोर संचालक से बड़ी साइबर ठगी

# 30% मुनाफे का लालच दे 1.04 करोड़ की ठगी

- करीब 19 करोड़ रुपये का लाभ बता टैक्स के नाम पर और पैसे भी मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के निवासी एक मेडिकल स्टोर संचालक के साथ 1 करोड़ 4 लाख 49 हजार 550 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शातिरों ने पार्ट टाइम जॉब और निवेश के नाम पर उसे चंगुल में फंसाया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना झज्जर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-6 निवासी तरुण कुमार ने बताया कि अक्टूबर 2025 में उनके फेसबुक मैसेंजर पर एक संदेश आया, जिसमें पार्ट टाइम जॉब और निवेश पर 30 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर उन्हें एक लिंक और आईडी उपलब्ध करवाई। आरोपियों ने उन्हें वेबसाइट पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया और अलग-अलग बैंक खातों में आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर करवाई। आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने नवंबर 2025 के दौरान कई किश्तों में कुल 1 करोड़ 4 लाख 49 हजार 550 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने अपनी राशि वापस निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने कहा कि उनकी रकम और मुनाफा मिलाकर करीब 20 करोड़ रुपये हो चुके हैं। राशि निकालने के लिए पहले 3 प्रतिशत टैक्स और फिर डॉलर को भारतीय मुद्रा में बदलने के नाम पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स जमा करवाने की मांग की गई। शक होने पर उन्होंने जांच-पड़ताल की तो पता चला कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। इस संबंध में राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दी। अब झज्जर साइबर थाने में केस दर्ज हो सका है।

### थार की टक्कर से बाइक सवार जवान घायल

**बहादुरगढ़।** एमपी माजरा गांव में थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार सीआईएसएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

घायल की पहचान संदीप के रूप में हुई है। वह गांव सिकंदरपुर का रहने वाला है। संदीप का कहना है कि फिलहाल उसकी ड्यूटी महिपालपुर दिल्ली में है। गत 27 अप्रैल को वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी जा रहा था। जब एमपी माजरा के ब्रेकर के पास पहुंचा तो इसी दौरान बादली की तरफ से आई थार गाड़ी ने डिवाइडर पार करते हुए मुझे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मैं दूर जा गिरा और काफी चोट आई। हादसे के बाद आरोपी चालक मेरी मदद करने की जगह अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। तब से इलाज जारी है। अब सेहत में सुधार होने पर शिकायत दी है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## खेत की आग ने स्टेडियम के पेड़ जलाए

- डाबोदा कलां में स्टेडियम में लगे करीब एक हजार पेड़ जले, ग्राउंड को भी नुकसान
- ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत से 3 हजार पेड़-पौधे बचाए, खेत में आग लगाने वाले पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव डाबोदा कलां के खेतों में लगी भीषण आग ने बड़ा विनाश कर दिया। खेतों से शुरू हुई आग तेजी से फैलते हुए गांव के प्रसिद्ध शहीद भगत सिंह स्टेडियम तक पहुंच गई, जिससे स्टेडियम परिसर में वर्षों की मेहनत से तैयार की गई हरियाली को भारी नुकसान हुआ। आग की चपेट में आकर स्टेडियम में लगे करीब एक हजार पेड़ जलकर नष्ट हो गए, जबकि स्टेडियम का बड़ा हिस्सा राख में तब्दील हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में फसल अवशेष या पराली में लगाई जाने वाली आग अक्सर नियंत्रण से बाहर होकर आसपास के क्षेत्रों के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लापरवाही से लगाई गई आग केवल खेतों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पर्यावरण, सार्वजनिक संपत्ति और गांव की सामूहिक मेहनत को भी भारी नुकसान पहुंचाती है। घटना के दौरान गांव के जागरूक ग्रामीणों ने साहस और एकजुटता का परिचय देते हुए बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की तत्परता और अथक प्रयासों के चलते करीब 3 हजार पेड़-पौधों को जलने से बचा लिया गया। यदि समय रहते ग्रामीण आग बुझाने में सफल नहीं होते, तो नुकसान और भी भयावह हो सकता था। गांववासियों में इस घटना को लेकर गहरा रोष है। राकेश कुमार का कहना है कि बरसों की मेहनत से तैयार किया गया स्टेडियम और वहां की हरियाली कुछ ही घंटों में बर्बाद हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह हादसा पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में गंभीर चेतावनी है। खेतों में आग लगाने से पहले इसके दूरगामी दुष्परिणामों को समझना बेहद आवश्यक है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही हजारों पेड़ों, सार्वजनिक संसाधनों और प्रकृति को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकती है।

### कई वर्षों में तैयार हरियाली राख में बदली



**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा कलां में लगी आग की चपेट में आई हरियाली।

### पंप हाउस के बेलदार की नहर में डूबने से मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से लापता बेलदार का शव वीरवार की सुबह पुलिस द्वारा नहर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान जिले के गांव ढाणी छुछकवास निवासी करीब 40 वर्षीय अशोक पुत्र राजेंद्र के तौर पर हुई है। मृतक के पिता राजेंद्र पुत्र सुखराम ने बताया था कि उसका पुत्र अशोक अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस पर नौकरी करता है। वह मंगलवार की सुबह ड्यूटी पर स्कूटी लेकर आया था। जब शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके नंबर पर संपर्क करना चाहा। जब संपर्क नहीं हो पाया तो उन्होंने अशोक के साथी पप्पू से संपर्क किया। पप्पू ने बताया कि अशोक दोपहर बाद करीब तीन बजे पंप हाउस से घर के लिए चला गया था। जब परिजन उसे तलाशने निकले तो पंप हाउस से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर उसकी स्कूटी खड़ी मिली, जिसकी डिग्गी में उसका फोन भी रखा था। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोताखोरों को बुलाया और करीब एक किलोमीटर दूर शव बरामद किया गया।



## दाखिले की जंग : एडमिशन पोर्टल admissions.higheredury.ac.in पर करें ऑनलाइन आवेदन

# स्नातक कक्षाओं के दाखिलों का पोर्टल खुला, 31 मई तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिलों के आवेदन के लिए एडमिशन पोर्टल खोल दिया है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि वेब पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल admissions.higheredury.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये है। यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो आगामी एक जून तक कर सकते हैं।

**नौ मई से छह जून तक होगी दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन :** मीडिया प्रभारी ने बताया कि दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन नौ मई से छह जून तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरूरत नहीं है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन करना होगा। सभी योग्य विद्यार्थियों की पूरी सूची आठ जून को जारी की जाएगी।

**11 जून को आएगी पहली फाइनल मेरिट लिस्ट :** मीडिया प्रभारी ने बताया कि पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 10 जून को जारी होगी ताकि कोई आपत्ति हो तो उसे दूर कर दिया जाए। पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जून को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 12 जून से 15 जून तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जून को जारी होगी, जबकि दूसरी फाइनल लिस्ट 17 जून को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 18 से 22 जून तक फीस भर सकेंगे।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिलों के बाद खाली बची सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 24 जून से शुरू होगी। नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 25 जून से दोबारा खुलेगा तथा 26 जून से 2 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 3 जुलाई से 10 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त फीस लगेगी।

### आवेदन से दाखिले तक की प्रक्रिया

मीडिया प्रभारी ने बताया कि सबसे पहले विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। अपना सही नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भरें क्योंकि इनको बाद में बदला नहीं जा सकता। व्यक्तिगत विवरण, शिक्षा, वेटेज, दस्तावेज, कॉलेज और कोर्स भरे जाएंगे। इसके लिए अपने फोटो और सिग्नेचर की स्कैन कॉपी, सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र व आरक्षण का लाभ लेने के लिए उस कैटेगरी के जरूरी प्रमाण पत्र अपने साथ तैयार रखें। हरियाणा के सभी विद्यार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। एक से ज्यादा सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन हैं, वहां कम से कम पांच कॉम्बिनेशन भरने हैं। उन्होंने बताया कि एक ही यूजर आईडी से अलग-अलग कॉलेजों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा से बाहर के विद्यार्थी अखिल भारतीय कोटे के तहत आवेदन कर सकते हैं।

### 12वीं के नंबरों पर बनेगी मेरिट



मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दाखिला मेरिट के आधार पर होगा और बारहवीं के बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स के अंक और निर्धारित वेटेज को जोड़कर आरक्षण नीति के आधार पर मेरिट बनाई जाएगी। वेटेज के लिए मुख्यतः बारहवीं कक्षा का एनएसएस मेरिट प्रमाण पत्र, एनसीसी का 'बी' प्रमाण पत्र, राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त भारत स्काउट एवं गाइड प्रमाण पत्र, एनसीईआरटी का राष्ट्रीय प्रतिभा पुरस्कार, राज्य या राष्ट्रीय खेल सर्टिफिकेट, ग्रामीण क्षेत्र से बारहवीं पास होना इत्यादि का लाभ दिया जाएगा। शैक्षिक अंकों में इन सर्टिफिकेट के नंबर भी जुड़ेंगे।

### ऑनलाइन जमा होगी फीस

मीडिया प्रभारी ने बताया कि एडमिशन पोर्टल पर नो योर रिजल्ट टैब से पता लग जाएगा कि दाखिला किस कॉलेज के किस कोर्स में हुआ है। जिन अभ्यर्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वे फीस जमा कर सकते हैं। सरकारी कॉलेजों की फीस ऑनलाइन जमा होगी जबकि प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से जमा की जा सकती है। फीस भरने के बाद एडमिशन पोर्टल से रसीद डाउनलोड करें। दाखिला शुरू में अस्थाई होगा और कॉलेज में सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। कोई कमी मिलने पर कॉलेज दाखिले को रद्द कर सकता है।

*प्रत्येक आढ़ती को करीब दो लाख रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा*

# अनाजमंडी में हजारों क्विंटल गेहूं खराब उठती दुर्गंध से श्रमिक व आढ़ती परेशान

■ सरकार द्वारा निर्धारित वेयरहाउस ने गोदामों में माल पहुंचाने में ढिलाई बरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में पिछले दिनों हुई बरसात के कारण अनाज मंडी में खुले में रखा हजारों क्विंटल गेहूं भीग कर खराब हो गया। जिससे मंडी में दुर्गंध फैल गई है। इस दुर्गंधयुक्त माहौल से मंडी में काम करने वाले श्रमिकों, आढ़तियों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर अनाज सड़ने लगा है। मंडी के आढ़तियों का कहना है कि समय रहते गेहूं को सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचाया गया, जिसके कारण बारिश का पानी अनाज की नीचे से घूम गया और अनाज खराब हो गया। लगातार नमी रहने से गेहूं की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। अनाजमंडी आढ़ती यूनियन के पूर्व प्रधान चांद पहलवान ने बताया कि अनाजमंडी में 35 आढ़ती है। भीगे गेहूं के कारण प्रत्येक आढ़ती को करीब दो लाख रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में प्राथमिक अनुमान के अनुसार करीब 70 लाख रुपये कीमत का गेहूं खराब हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित खरीद एजेंसी वेयरहाऊस द्वारा गोदामों में माल पहुंचाने में ढिलाई बरती गई है जिस कारण समय पर गेहूं का उठान नहीं हो पाया और वह बारिश में भीग गया। यदि अनाज को सुरक्षित रखने के पर्याप्त इंतजाम किए जाते तो उन्हें नुकसान नहीं उठाना पड़ता। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जब किसानों को फसल क्षतिग्रस्त होने का मुआवजा मिल सकता है तो आढ़तियों को भी मुआवजा दिया जाना चाहिए। उधर श्रमिकों ने बताया कि मंडी में फैली दुर्गंध के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। वे लगातार सड़े गेहूं का अलग कर पैकिंग कार्य में जुटे हैं। जगह-जगह पड़ी सड़े गेहूं की ढेरियां अनाजमंडी में दुर्गंध फैला रही है।


झज्जर। अनाजमंडी में पड़ा बारिश में भीग कर खराब हुआ गेहूं। फोटो : हरिभूमि

## वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम की सख्ती से हो पालना : उपायुक्त

■ वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों और अभिभावकों के सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा एवं कल्याण को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 तथा नियम-2009 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा संबंधित विभागों के माध्यम से शिकायतों के निपटान की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

# दहेज मांगने पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

## शिकायत मिलते ही प्रशासन लेगा तुरंत एक्शन



झज्जर। दहेज प्रतिषेध अधिनियम को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिला प्रशासन दहेज प्रथा के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अब शिकायत मिलने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगा। दहेज मांगने, लेने या देने से जुड़े मामलों में किसी भी तरह का दबाव किसी पक्ष पर न हो इसका विशेष ध्यान रखें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मुख्य सचिव हरियाणा की वीसी उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत दहेज लेना, देना या इसके लिए उकसाना एक दंडनीय अपराध है, जिसमें कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तर पर दहेज निषेध अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है, ताकि मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि दहेज मामलों में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और आमजन को इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए।

# महावीर पार्क की गली निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

■ नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर के वार्ड नंबर-22 स्थित महावीर पार्क की गली नंबर-5 में निर्माणाधीन सड़क को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी दिखी। क्षेत्रवासियों ने पूर्व पार्षद राजू दलाल की अगुवाई में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गली निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

ज्ञापन में बताया गया कि गली नंबर-5 में हाल ही में सीसी (कंक्रीट) सड़क डाली जा रही है, लेकिन निर्माण कार्य बिना उचित लेवल के किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गली का स्तर मुख्य रोहतक रोड के अनुरूप होना चाहिए था, ताकि जल निकासी और आवागमन में कोई समस्या न हो। साथ ही सीवरों के ढक्कनों और गली के ढांचे को भी सही स्तर के अनुसार बनाया जाना जरूरी था, लेकिन निर्माण कार्य में इन आवश्यकताओं की अनदेखी की जा रही है।


बहादुरगढ़। महावीर पार्क की गली में निर्माण कार्य की शिकायत करते राजू दलाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### निष्पक्ष जांच की मांग

पूर्व पार्षद राजू दलाल, बिजेंद्र अहलावत, ईश्वर अहलावत, नरेंद्र, प्रेम अरोड़ा, प्रीतम दलाल, मास्टर तेज सिंह, अनुराग, मेसी सैन, विक्रम राठी, श्रीचंद छिल्लर, कर्मवीर, सुधीर, रमेश सहरावत, महा सिंह, प्रजापत, राजू ठाकुर, संजय दत्त और करम सिंह जागंडा आदि ने आशंका जताई कि गलत लेवल के कारण भविष्य में जलभराव, सीवरेज समस्या और सड़क क्षति जैसी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी होगी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करें और आवश्यक सुधार करवाएं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

■ संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

उपमंडल प्रशासन द्वारा वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बेरी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## जौहरी नगर में गहराया पेयजल संकट

बहादुरगढ़। जौहरी नगर में पेयजल समस्या गंभीर होती जा रही है। कॉलोनी की कई गलियों में तय समय पर पानी सप्लाई होने के बावजूद कम प्रेशर के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध कनेक्शनों और एक गली में मुख्य लाइन से प्लास्टिक पाइप जोड़कर की जा रही सप्लाई से आसपास के क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि तीसरे दिन केवल 30-35 मिनट पानी आता है, वह भी कम प्रेशर के साथ। मोटर चलाने के बाद भी टंकियां नहीं भर पा रहीं। कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हो रहा। वहीं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई अमित श्योकंद ने कहा कि शिकायत मिली है, जांच कर समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

# नशे से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इसके खात्मे के लिए जनभागीदारी जरूरी

एसीपी अखिल कुमार ने गांव मांडोठी स्थित दादा बूढ़ा कुश्ती अकादमी में पहुंचकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल व शिक्षा को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इसके खात्मे के लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति अपने गांव, मोहल्ले और वार्ड की जिम्मेदारी लेते हुए खुद नशे से दूर रहेगा और अपने क्षेत्र में इसकी बिक्री नहीं होने देगा, तभी इस समस्या पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें खेल, शिक्षा व सामाजिक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें, ताकि वे गलत संगति और अपराध की राह से बच सकें। कार्यक्रम में गांव के कई गणमान्य व्यक्ति और खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते एसीपी अखिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

# बलवंत यादव को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र होगी महापंचायत : वीरेंद्र दरोगा


झज्जर। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे वीरेंद्र दरोगा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

■ 36 बिरादरी की सरदारी को आमंत्रित कर सर्व समाज की तरफ आगामी रणनीति तैयार की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा विद्युत ऊर्जा निगम में बतौर अकाउंट ऑफिसर कार्यरत बलवंत यादव द्वारा हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ की आठवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या करने के मामले में विभिन्न संगठनों व समाज के लोग मृतक के परिजनों को सांत्वना देने उनके पैतृक गांव मुंडाहेड़ा पहुंच रहे हैं। वीरवार को यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र यादव दरोगा ने भी मुंडाहेड़ा पहुंच कर स्वर्गीय बलवंत यादव को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए व परिवार का ढांढस बंधाया। वीरेंद्र दरोगा ने बताया कि स्वर्गीय बलवंत यादव शरीफ व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि दिवंगत बलवंत यादव को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र ही एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 36 बिरादरी की सरदारी को आमंत्रित कर सर्व समाज की तरफ आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान पूर्व पार्षद नाहर सिंह, मास्टर मक्खन, शेर सिंह, सहदेव यादव, सुरेश कुमार, राकेश यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समाधान शिविर में पांच शिकायतें हुई दर्ज


झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

■ संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर सरकार की जनहितकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, संवेदनशील एवं संतोषजनक निपटारा किया जाए, ताकि नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। समाधान शिविर में पांच शिकायतें पंजीकृत की गई।

## मान सिंह स्कूल की टीम ने पाया दूसरा स्थान



बहादुरगढ़। वार्ड-5 स्थित मान सिंह हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने पंचकूला में हुई आठवीं हरियाणा राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लेवल-3 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। टीम में कक्षा 10वीं की श्रेया और कक्षा 9वीं की हर्षिता व ऋषभ शामिल रहे। टीम को पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने ट्रॉफी, पुरस्कार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल पहुंचने पर चेयरपर्सन निर्मला देवी, निदेशक राजेंद्र छिकारा और स्टाफ ने विद्यार्थियों का स्वागत कर सम्मानित किया। यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार ने भी बच्चों को बधाई दी है।

## टैलेंट हंट कंपीटिशन में दिखाई प्रतिभा

झज्जर। एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को टैलेंट हंट कंपीटिशन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने थाली डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग, रंगोली मेकिंग, डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि इस दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका में अनीता गुलिया, नीलम दहिया, डांस कोरियोग्राफर अमित बाला, डांस टीचर जितेंद्र, आर्ट टीचर रितिका व प्रियंका यादव शामिल रहे। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## खेल प्रतियोगिताओं में लिया भाग

झज्जर। इंडो अमेरिकन विद्यालय में विश्व एथलेटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, बाधा दौड़ आदि खेल कराए गए। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी गति और सहनशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों को नियमित व्यायाम, योग तथा खेल गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेल दोनों को संतुलित रखने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। कार्यक्रम के समापन सभी विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।



## मध्यप्रदेश के एक युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत

■ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की

बहादुरगढ़। मध्यप्रदेश मूल के एक युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक के रूप में हुई है। यहां ऑटो मार्केट में स्थित एक दुकान में काम करता था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जब तक संभाला जाता देर हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी।

NOTICE

I, Santram S/o jailal R/o of H.no 659, Model Town, Jhajjar, Haryana-124103 declare that I have Changed my name from Santram Yadav to Santram for all future purposes

NOTICE

I, Kamlesh Devi W/o Santram R/o of H.no 659, Model Town, Jhajjar, Haryana-124103 declare that I have changed my name from Kamlesh Kumari Yadav to Kamlesh Devi for all future purposes

## खबर संक्षेप

### 11 को मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनेगा



**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 11 मई को शहर के बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां शिवलिंग पर विधिवत जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसे उपस्थित श्रद्धालु लाइव देख और सुन सकेंगे। इसके अलावा मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण बनेगा।

### कानोंदा के पाथरी वाली माता मंदिर में लगा भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में पाथरी वाली माता मंदिर पर वीरवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया। ग्रामवासियों के सहयोग से बस स्टैंड के नजदीक स्थित पाथरी वाली माता मंदिर में हुए भंडारे से पहले हवन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने आहुति डाली। महिलाओं ने मंदिर पर भजन कीर्तन कर पाथरी वाली माता की महिमा का गुणगान किया।

## चुनाव में दोनों पैनलों के 21-21 प्रत्याशियों में देखने को मिलेगा सीधा मुकाबला

# चमकेगा सूरज या फैलेगी गुलाब की खुशबू, फैसला 11 मई को

**चुनाव का बिगुल बजते ही दो प्रमुख उद्यमी गुट आमने-सामने आने से बढ़ा रोमांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। चुनाव की तैयारी में जुटे टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट के पदाधिकारी व सदस्य।



बहादुरगढ़। चुनाव की तैयारी में जुटे उद्योग विकास मंच के पदाधिकारी व सदस्य।

औद्योगिक संगठन बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर अब राजनीतिक और औद्योगिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है।

चुनावी रणभेरी बजते ही दो प्रमुख उद्यमी गुट आमने-सामने आ गए हैं, जिससे उद्योग जगत में मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। चुनाव मैदान में एक ओर उद्योग विकास मंच ने अपने 21 प्रत्याशियों के साथ मजबूती से ताल ठोंक दी है। इस पैनल को चुनाव चिन्ह के रूप में उगता सूरज आवंटित किया गया है। दूसरी ओर टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट भी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर चुकी है। इस पैनल को चुनाव चिन्ह के रूप में गुलाब का फूल मिला है। दोनों पैनलों के बीच सीधा मुकाबला होने से चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी, कारोबारी और उद्यमी अब अपने-अपने समर्थन के साथ सक्रिय नजर आने लगे हैं। विभिन्न बैठकों, जनसंपर्क अभियानों और रणनीतिक चर्चाओं के जरिए प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हुए हैं। उद्योग विकास मंच के पैनल में बीसीसीआई के निवर्तमान प्रधान सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी, नरेंद्र छिकारा, अखिल मित्तल, पवन कुमार जैन, मनोज सिंघल, नरेश बंसल, अजय खट्टर, जेके अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, कमल किरण सेठ, रविंद्र गोयल, राजेश अज्जू, नवीन कुमार मल्होत्रा, सत्य नारायण दीक्षित, कमल कांत वर्मा, अनिल सरीन, रविंद्र कुमार और संजय नारंग शामिल हैं। टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट के पैनल में कोबी के प्रधान प्रवीण गर्ग, विपिन बजाज, प्रदीप कौल, तिलक राज गर्ग, केएस भदौरिया, पवन लाकड़ा, अजय अरोड़ा, अंकुर मित्तल, कपिल गर्ग, एडवोकेट बलबीर सिंह, विजय गुप्ता, रवि चमरिया, राजेश गर्ग, दलीप कौल, केशव जैमिनी, संजय जैन, सीए अनिल गुप्ता, सतीश अग्रवाल, विमल के गुप्ता, सतीश कुमार व नितिन जैन शामिल हैं। उद्योग जगत की नजरें अब इस प्रतिष्ठित मुकाबले पर टिकी हुई हैं, जहां दोनों पैनल अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है, जिससे बहादुरगढ़ का कारोबारी माहौल और अधिक सक्रिय रहेगा।

**11 मई को सुबह 10 बजे से शुरू होगी प्रक्रिया**

रिटर्निंग ऑफिसर पीके बंसल के अनुसार बुधवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच में सही मिले फार्मों के आधार पर वैध उम्मीदवारों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई थी। जबकि वीरवार को चुनाव मैदान में शेष बचे प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए चुनाव चिह्न जारी कर दिए गए। अब 11 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव को केवल संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं बल्कि बहादुरगढ़ के औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। चैंबर के चुनाव परिणाम से स्थानीय उद्योग नीति, व्यापारिक हितों और क्षेत्रीय विकास की नई दिशा तय होगी।



झज्जर। विद्यार्थियों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडल की जानकारी लेते हुए सीटीएम रितु बंसीवाल। फोटो : हरिभूमि

## प्रतिभा मंथन कार्यक्रम में दिखी विद्यार्थियों के भविष्य की उड़ान

- पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा मंथन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को प्रतिभा मंथन जिला स्तरीय विद्यार्थी कॅरियर मंच का आयोजन किया गया। सीटीएम रितु बंसीवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीटीएम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कौशल एवं रुचि के अनुरूप बेहतर करियर विकल्पों की जानकारी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विभिन्न सवाल पूछे और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा एवं नौकरी के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। वहीं डीईओ रतिंद्र सिंह ने कहा कि प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के माध्यम से जिले 177 सरकारी विद्यालयों में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को नए करियर अवसरों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं कौशल की पहचान कर स्वयं कॅरियर का चयन करने में सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के तहत दस विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस दौरान जिले के 30 चयनित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी कॅरियर योजनाओं एवं प्रतिभा मंथन कार्यक्रम से मिली सीख को मॉडल और वर्कशीट के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से उनकी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## चौधरी धीरपाल राजकीय कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। टाइटल विजेता स्वयंसेवकों के साथ डॉ. रेणु गुलिया व संदीप।

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के सम्मान में वीरवार को भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या शर्मिला ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

जूनियर स्वयंसेवकों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया। समारोह के दौरान प्रियंका को मिस फेयरवेल व दक्ष को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। दोनों विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या शर्मिला ने स्वयंसेवकों की समाज सेवा, समर्पण एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सोलो एक्ट गेम, कार्ड बोर्ड गेम और म्यूजिकल चेयर गेम खेल उत्सव का लुत्फ उठाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेणु गुलिया व संदीप ने विद्यार्थियों को जीवन में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## एनसीसी की 20 सीटों पर 12 लड़कों और आठ पर लड़कियों का चयन

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल में राष्ट्रीय कैडेट कोर के नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया कड़े सैन्य अनुशासन के बीच संपन्न हुई। एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी बिजेंद्र ने बताया कि इस वर्ष नामांकन के लिए कुल 20 सीटों का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें लैंगिक समानता को प्राथमिकता देते हुए 12 सीटें लड़कों के लिए और 8 सीटें लड़कियों के लिए निर्धारित कर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। भर्ती के शुरुआती चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता की जांच करने के लिए 800 मीटर की दौड़ और सेट-अप्स जैसी कठिन शारीरिक स्पर्धाएं आयोजित की गई। जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी से विशेष रूप से पहुंचे सैन्य अधिकारियों में नायब सूबेदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार अनिल उपस्थित रहे।



झज्जर। एनसीसी नामांकन चयन प्रक्रिया में भाग लेते हुए कैडेट्स।

## इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में एचडी स्कूल के दो छात्र चयनित

- छात्र कार्तिक यंगेस्ट ट्रेनर के रूप में भाग लेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। इसरो कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थी के साथ डायरेक्टर रमेश गुलिया व अन्य।

एचडी स्कूल साल्हावास के छात्र तेजस धनखड़ का इसरो द्वारा आयोजित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयन हुआ है। विद्यालय के ओलंपियाड एक्सपर्ट आशीष यादव ने बताया कि इसके अलावा 12वीं कक्षा के छात्र कार्तिक को इसी कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करने के लिए यंगेस्ट ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है। कार्तिक 22 मई को स्पेस एप्लीकेशन सेंटर अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में युविका विद्यार्थियों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर संवाद करते हुए अपनी तकनीकी यात्रा और उपलब्धियां साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्तिक पहले भी अपनी प्रतिभा और नवाचार से राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्हें भारत के सबसे कम उम्र के ऐप डेवलपर्स में गिना जाता है। उनके नाम 6 पेटेंट दर्ज हैं और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें महामहिम राष्ट्रपति से सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त वे 3 प्रकाशित तकनीकी पुस्तकों के लेखक हैं, 5 भारतीय रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बना चुके हैं। विद्यालय निदेशक रमेश गुलिया ने कहा कि एक ही संस्थान से पहले छात्र का युविका प्रतिभागी और एक अन्य छात्र का उसी कार्यक्रम में युवा ट्रेनर के रूप में चयन होना क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्या प्रीति राठी ने कार्तिक और तेजस को बधाई दी।

## प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय से संदिग्ध परिस्थितियों में विद्यार्थी लापता

**झज्जर।** शहर के प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय से एक विद्यार्थी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों द्वारा लापता हुए किशोर की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में गुरुग्राम निवासी राकेश पुत्र मनोज कुमार यादव ने बताया कि उसने अपने पुत्र आलोक कुमार यादव का दाखिला बीती एक मई को गुरुकुल की आठवीं कक्षा में कराया था। उसे पता चला कि आलोक कुमार यादव अगले दिन दो मई की दोपहर डेढ़ बजे से गुरुकुल से लापता है। पुलिस द्वारा पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार लापता विद्यार्थी की तलाश शुरू कर दी है।

## किसानों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- आज तक लाखों किसानों को गेहूं का भुगतान नहीं
- सरकार के 72 घंटों में भुगतान के दावे भी खोखले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते एसकेएम के सदस्य।

संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने वीरवार को मार्केट कमेटी कार्यालय पर धरना दिया। मार्केट कमेटी सचिव अंजू बाला को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गेहूं की फसलों का तत्काल भुगतान करने, मंडियों से उठान की प्रक्रिया तेज करने और फसल खरीद की नई शर्तें व बेतुके नियम तुरंत वापस लेने की मांग की।

एसकेएम की नेशनल कॉर्डिनेशन कमेटी के सदस्य जयकरण मांडौठी ने बताया कि सरकार द्वारा एक तरफा नियम बनाए जाते हैं, उनसे किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाहे पिछले दिनों फसल खरीद में लगाई गई शर्तों का मुद्दा हो या ऑनलाइन पोर्टल आदि की परेशानियां हों। उन्होंने कहा कि आज तक भी लाखों किसानों को गेहूं की फसलों का भुगतान नहीं हुआ है, फसलों के उठान की समस्या खड़ी है। उठान ना होने से पूरे प्रदेश में हजारों हजार क्विंटल गेहूं की फसल बेमौसमी बारिश से बर्बाद हो गई है। सरकार के 72 घंटों में भुगतान के दावे भी खोखले हैं। एसकेएम के सदस्य सुमेश कौशिक, रामकिशन और सतबीर बल्हारा ने कहा कि सरकार बार-बार किसानों के साथ होने के झूठे नारे लगा रही है। सरकार की करनी और कथनी में रात दिन का अंतर है। इस अवसर पर राजबीर छिल्लर, सतीश कुमार व ओमप्रकाश समेत कई किसानों ने भाग लिया।

## स्टोर से बरामद हुई टाटा कंपनी के नाम की नकली चायपत्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में टाटा प्रीमियम-टी के नाम पर नकली चायपत्ती बेचने का मामला सामने आया है। यहां सेक्टर-15 ओमेक्स स्थित एक शॉपिंग स्टोर से करीब 240 किलो नकली चायपत्ती बरामद हुई है। स्टोर संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के तहत सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज किया गया है।

बुधवार की सायं यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता दिल्ली के निवासी यमन कुमार के अनुसार, वह स्पीड सर्च सिक्योरिटी कंपनी में जांच अधिकारी है। उनकी कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के हितों की रक्षा करती है। हमें सूचना मिली कि पटेल नगर 66 फुटा रोड पर ओमेक्स में स्थित एलजीएम हाइपर मार्केट में टाटा प्रीमियम-टी के नाम पर नकली चायपत्ती बेची जा रही है। इससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है और छवि भी खराब हो रही है। इसके बाद टीम ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। जांच के दौरान स्टोर से 1 किलो के 230 और 250 ग्राम के 42 पैकेट बरामद हुए। मालिक संदीप लाइसेंस व वैध बिल नहीं दिखा सका। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## रोहित ने इंग्लैंड में दौड़कर चैरिटी के लिए जुटाया धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



इंग्लैंड के लोअर अर्ली में काउंसलर रोहित अहलावत ने समाज सेवा और जनकल्याण का प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए कई मैराथन पूरी कर चैरिटी के लिए उल्लेखनीय धनराशि जुटाई। मूल रूप से गांव धांधलान निवासी रोहित का परिवार कई सालों से बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में रहता है। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में सराहना बटोरी है।

काउंसलर रोहित अहलावत ने पहले रीडिंग हॉफ मैराथन, फिर लंदन मैराथन और अंत में मिल्टन केयंस मैराथन में दौड़ लगाई। विभिन्न मैराथन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का परिचय दिया, बल्कि इस अभियान को समाजहित से जोड़ते हुए चैरिटी के लिए धन संग्रह किया। उन्होंने जरूरतमंद लोगों और सामाजिक संस्थाओं की सहायता के लिए 96 सौ से अधिक पोंड एकत्र करवाए। लगातार कठिन परिश्रम, अनुशासन और समाजसेवा के जज्बे के साथ उन्होंने अपनी दौड़ पूरी की। स्थानीय निवासियों और समर्थकों ने उनके इस कार्य को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और दूसरों को भी सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हैं। काउंसलर रोहित अहलावत ने कहा कि मैराथन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं थी, बल्कि यह समाज के कमजोर वर्गों के लिए योगदान देने का माध्यम बनी।

## बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना

# विकास नगर में हुए श्रीश्याम वंदना महोत्सव में कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन

- कार्यक्रम के अंत में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। महोत्सव में दिनेश कौशिक को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

शहर के विकास नगर में चतुर्थ श्रीश्याम वंदना वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया।

खाटूश्याम मंदिर कमेटी लाइनपार द्वारा आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र संयोजक दिनेश कौशिक ने शिरकत की। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भजन संध्या रही, जिसमे कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। महोत्सव में छप्पन भोग, खीर-चूरमा और श्याम रसोई की व्यवस्था भी की गई थी। दिनेश कौशिक ने बाबा श्याम के चरणों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उनके अनुसार बाबा खाटूश्याम आस्था, विश्वास और भक्ति के प्रतीक हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई उनकी आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती और वे अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। हरिओम मुदगिल ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से जीवन के कष्ट दूर होते और मन को अपार शांति मिलती है। इस अवसर दिनेश शेखावत, टिनू शर्मा, सोनू कानौंदा, अमित अत्री, दीपक अहलावत, सुदेश रंगा, पंकज गर्ग व नरेश टिकरी आदि मौजूद रहे।